मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-39
04/02/2022

मुख्यमंत्री ने पुणे के यरवदा स्थित निर्माणाधीन मॉल हादसे में बिहार के मजदूरों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- मृतकों के आश्रितों को दो–दो लाख रूपये तथा घायलों को पचास–पचास हजार रूपये अनुदान देने का दिया निर्देश

पटना, 04 फरवरी 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने महाराष्ट्र के पुणे के मॉल में लोहे की जाली गिरने से हुये हादसे को अत्यंत दुखद बताया है तथा हादसे में बिहार के कटिहार जिले के 5 मजदूरों की मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने पुणे के यरवदा इलाके के शास्त्रीनगर स्थित निर्माणाधीन मॉल में हुये हादसे में बिहार के मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02–02 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। साथ ही इस हादसे में घायल बिहार के सभी लोगों को 50–50 हजार रूपये देने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायल हुये लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है।

******